Chapter 01

# प्राणी जगत (ANIMAL KINGDOM)

## TOPIC WISE QUESTIONS

### वर्गीकरण का आधार

**Q.1** निम्न में से किस जन्तु में ''नलिका में नलिका प्रकार का शरीर आयोजन पाया जाता है –
(1) यूस्पांजियाँ (2) फेसियोला
(3) हाइड्रा (4) ऐस्केरिस

**Q.2** निम्न में से कौनसे कथन सत्य/ असत्य है ?
**I.** संघ प्लेटिहेल्मिन्थीज में कोशिका समूहन प्रकार का शारीरिक आयोजन पाया जाता है।
**II.** जन्तुओं में अधिकांशतया अरीय सममिति पाई जाती है।
**III.** कूटदेहगुहा, केवल संघ एस्केलमिन्थीज में पायी जाती है।
**IV.** सभी त्रिस्तरीय जन्तुओं में वास्तविक प्रगुहा पाई जाती है।
**V.** संघ प्लेटिहैल्मिन्थीज से सम्बन्धित जन्तुओं में कभी–कभी हीमोसील देखी जा सकती है।
(1) I एवं V सत्य है तथा II, III एवं IV असत्य है।
(2) II, III एवं V सत्य है तथा I एवं IV असत्य है।
(3) I, II एवं III सत्य है तथा IV एवं V असत्य है।
(4) I, II, IV एवं V असत्य है तथा केवल III सत्य है।

**Q.3** एक जंतु में पाई जाने वाली सममिति जिसे केवल एक ही तल में समान बाएँ और दाएँ हिस्सों में विभाजित किया जा सकता है:–
(1) गोलाकार (2) द्विपार्श्व
(3) अरीय (4) द्विअरीय

**Q.4** निम्न में से कौनसे संघ के जन्तुओं में वास्तविक प्रगुहा पायी जाती है ?
(1) एस्केल्मिन्थीज (2) एनेलिडा
(3) टीनोफोरा (4) प्लेटिहेल्मिन्थीज

**Q.5** ____ में कोशिका, बिखरे हुए समुहों में होती है।
(1) प्रोटोजोआ (2) पोरिफोरा
(3) सिलेन्ट्रेटा (4) प्लेटिहेल्मिन्थीज

**Q.6** निम्न में से कौनसा संघ कूट देहगुहीय है ?
(1) एस्केल्मिन्थीज (2) आर्थ्रोपोडा
(3) एनेलिडा (4) प्लेटिहेल्मिन्थीज

**Q.7** जब केन्द्रीय अक्ष से गुजरने वाला कोई भी रेखा प्राणि के शरीर के दो समरूप भागों में विभाजित करते हैं तो इसे ______ कहते है।
(1) असममिति (2) अरीय सममिति
(3) द्विपार्श्व सममिति (4) द्विअरीय सममिति

**Q.8** निम्न में से कौन से संघ में ''नलिका में नलिका प्रकार का शारीरिक आयोजन पाया जाता है ?
(1) प्लेटिहेल्मिन्थीज (2) सिलेन्ट्रेटा
(3) पोरीफोरा (4) निमेटहैल्मिथीज

**Q.9** अपूर्ण पाचन मार्ग पाया जाता है :-
(1) प्लेटिहैल्मिन्थीज तथा एस्केल्मिन्थीज
(2) प्लेटिहैल्मिन्थीज तथा टीनोफोरा
(3) एस्केल्मिन्थीज तथा ऐनेलिडा
(4) सिलेन्ट्रेटा तथा एस्केल्मिन्थीज

**Q.10** निम्न स्तंभों का मिलान कीजिए है –

| स्तंभ I | स्तंभ II | स्तंभ III |
|---|---|---|
| **A.** त्रिस्तरीय | (i) बाह्य तथा आंतरिक श्रेणीबद्ध खण्ड़ों में विभाजन | **1.** जैली फिश |
| **B.** ऊतक स्तरीय संगठन | (ii) केन्द्रीय अक्ष से गुजरने वाली रेखा शिखर से लेकर तल तक शरीर को दो भागों में विभाजित करती है। | **2.** गोलकृमि |
| **C.** विखंडावस्था | (iii) भ्रुणीय अवस्था के दौरान, बाह्य त्वचा, मध्य त्वचा तथा अन्तः त्वचा का पाया जाना | **3.** हाइड्रा |
| **D.** अरीय सममिति | (iv) विशिष्टीकृत कोशिकाऐं, समान कार्य को सम्पन्न करती है। | **4.** केंचुआ |

(1) A-(ii)-2, B-(iii)-1, C-(i)-3, D-(iv)-4
(2) A-(i)-4, B-(iv)-1, C-(ii)-2, D-(iii)-3
(3) A-(i)-1, B-(ii)-2, C-(iii)-3, D-(iv)-4
(4) A-(iii)-2, B-(iv)-3, C-(i)-4, D-(ii)-1

**Q.11** ऐनेलिडा से विपरीत प्लेटीहैल्मिंथीज में क्या पाया जाता है–
(1) देह गुहा की अनुपस्थिति
(2) कूटगुहा की उपस्थिति
(3) अरीय सममिति
(4) द्विपार्श्व सममिति

**Q.12** निम्नलिखित में से किस एक फाइलम को उसके सामान्य अभिलक्षणों से सही मिलाया गया है ?
(1) **पोरीफेरा -** कोशिकीय स्तर का संगठन और बाह्य निषेचन
(2) **सीलेंटरेटा -** द्विस्तरीय और मुख्यतया असममित
(3) **एस्केहेल्मिथिंस -** कूटगुहिक और एकलिंगाश्रयी (dioecious)
(4) **हेमीकॉर्डेटा -** देहगुहीक और बंद परिसंचरण तंत्र

**Q.13** जन्तु जो विखण्डी रूप से खण्डित होते हैं कहलाते है–
(1) पोरीफेरा (2) एनेलिडा
(3) चपटे कृमि (4) ऐस्कैल्मिन्थीज

## संघ-पोरीफेरा

**Q.14** *साइकन* एक ऐसे प्राणि–वर्ग में आता है जिसे सबसे अच्छा वर्णित किया है।
(1) एककोशिकीय अथवा अकोशिकीय
(2) बहुकोशिकीय जिसमें कोई ऊतक संघठन नहीं होता है।
(3) बहुकोशिकीय जिसमें एक जठरसंवहनी गुहा होती है।
(4) बहुकोशिकीय जिसमें ऊतक संघठन तो होता है, परंतु देह गुहा नहीं होती है।

**Q.15** अगर एक स्पंज के ऑस्कुलम (प्रच्छद) पर भोजन का कण रखा जाय तो क्या होगा –
(1) इसे ऑस्कुलम से दूर फैंक दिया जायेगा
(2) इसे स्पंजगुहा में अर्न्तग्रहित कर लिया जायेगा
(3) यह ऑस्कुलम के चारों और चक्कर लगायेगा
(4) पहले इसे स्पंजगुहा में अर्न्तग्रहित कर लिया जायेगा बाद में ऑस्टिया द्वारा बाहर फेंक दिया जायेगा।

**Q.16** कैनाल तंत्र किसकी विशेषता है?
(1) स्पंज (2) हेल्मिन्थीज़
(3) इकाइनोडर्मस (4) सिलेन्ट्रेटा

**Q.17** पोरीफोरा के जन्तुओं की कौनसी कोशिकाऐं पूर्णशक्त होती है एवं उच्च पुनरूद्भवन क्षमता के लिए उत्तरदायी होती है।
(1) पिनेकोसाइट (2) कोएनोसाइट
(3) मायोसाइट (4) आर्कियोसाइट

**Q.18** स्पंजों में कौनसा लार्वा पाया जाता है।
(1) प्लैनुला (2) एम्फीब्लास्टुला
(3) सिस्टीसर्कस (4) ग्लोचिडियम

**Q.19** साइकन में निषेचन होता है :–
(1) आन्तरिक तथा पर–निषेचन
(2) बाह्य तथा स्व–निषेचन
(3) आन्तरिक तथा स्व–निषेचन
(4) बाह्य तथा पर–निषेचन

**Q.20** ''वीनस की पुष्प मंजुषा है :-
(1) हाइलोनीमा (2) यूप्लेक्टेला
(3) साइकन (4) यूस्पांजिया

**Q.21** ''पोरीफेरा में नाल तंत्र'' निम्न में से सम्बन्धित नहीं है –
(1) श्वसन (2) पोषण
(3) लैंगिक द्विरूपता (4) गमन

**Q.22** निम्न में से पोरीफेरा नही है –
(1) साइकन (2) स्पाइरूलिना
(3) यूस्पान्जियाँ (4) स्पान्जिला

**Q.23** पोरिफेरा में शरीर भित्ति की मध्य परत होती है
(1) मीजेनकाइम (2) मिजोडर्म
(3) मिजोग्लिया (4) अन्त्रपेशी

**Q.24** स्पंज में जल परिवहन या नली प्रणाली होती है जिसमें जल का मार्ग होता है
(1) ऑस्कुलम $\longrightarrow$ ओस्टिया $\longrightarrow$ स्पंजगुहा
(2) ऑस्टिया $\longrightarrow$ ऑस्कुलम $\longrightarrow$ स्पंजगुहा
(3) ओस्टिया $\longrightarrow$ स्पंजगुहा $\longrightarrow$ ऑस्कुलम
(4) ऑस्कुलम $\longrightarrow$ स्पंजगुहा $\longrightarrow$ ऑस्टिया

**Q.25** कोएनोसाइट्स पाए जाते हैं
(1) बाह्य उपकला में (2) आंतरिक उपकला में
(3) मेसोग्लिया (4) स्पंजगुहा


## संघ-सिलेन्ट्रेटा

**Q.26** समुद्री एनीमोन किस संघ से सम्बन्धित है –
(1) प्रोटोजोआ (2) पोरीफेरा
(3) सीलेन्ट्रेटा (4) इकाइनोडर्मेटा

**Q.27** निम्न में से कौनसा जन्तु एक सिलेन्ट्रेटा है -
(1) समुद्री गाय (2) समुद्री कर्कटी
(3) समुद्री व्यजंन (4) समुद्री घोड़ा

**Q.28** *हाइड्रा* में भोजन के पाचन से बने अपचित पदार्थ तथा नाइट्रोजनीय अपचित पदार्थ क्रमशः किसके द्वारा शरीर से बाहर निकाले जाते हैं :-
(1) मुख तथा गुदा द्वारा
(2) गुदा तथा बाह्य सतह द्वारा
(3) मुख तथा बाह्य सतह द्वारा
(4) मुख तथा स्पर्शकों द्वारा

**Q.29** दिये गये चित्र में सही कथनों को चुनियें :–




(1) A - निडोसिल, B- रिफ्रेक्टाइल छड़, C- स्टायलेट
(2) A - धागा नलिका, B - संकुचित फाइब्रिल, C - लासो
(3) A - स्टायलेट, B - रिफ्रेक्टाइल छड़, C - कैप्सूल

(4) A - निडोसिल, B - कंटक, C - धागा नलिका

**Q.30** निम्न में से किन समूहों के प्राणियों में निम्नलिखित लक्षण पाये जाते है ?
I. द्विस्तरीय
II. अगुहीय
III. अरीय सममिति
(1) *प्लेनेरिया, फाइसेलिया, ओरेलिया*
(2) *टीनिया, फेशिओला, वाउचेरेरिया*
(3) *एडेम्सिया, बिरोई, मेन्डरीना*
(4) *फेशिओला, साइकन, समुद्री अखरोट*

**Q.31** निम्न में से कौन सा जन्तु द्विस्तरीय होता है ?
(1) *पैनेटुला* (2) *पैरामीशियम*
(3) *टीनिया सोलियम* (4) *ऐस्केरिस*

**Q.32** सिलेन्ट्रेटा में दंशकोरक का कार्य है।
(1) गमन
(2) शरीर की सुरक्षा एवं शत्रु पर आक्रमण
(3) प्रजनन
(4) पोषण

**Q.33** ''कोरल (प्रवाल) किस संघ से सम्बन्धित है –
(1) पोरीफेरा (2) सिलेन्ट्रेटा
(3) मोलस्का (4) इकाइनोडर्मेटा

**Q.34** निमेटोसिस्ट है
(1) दंशकोरक का जीवित भाग
(2) दंशकोरक के बाहर निकलना
(3) सिलेन्ट्रेटा में अनुपस्थित
(4) दंशकोरक के भीतर निर्जीव संपुटित संरचना।

**Q.35** निम्न में से किस सीलेन्ट्रेटा में पॉलीप अवस्था अनुपस्थित होती हैं :
(1) हाइड्रा (2) ओरिलिया
(3) मेट्रीडीयम (4) ऐडेम्सिया

**Q.36** ''पुर्तगाली युद्धपोत है–
(1) ओबेलिया (2) फाइसेलिया
(3) यूप्लैक्टेला (4) मिएनड्रिना

**Q.37** कोरल का कंकाल बना होता है
(1) $CaCO_3$ (2) $CaPO_4$
(3) $CaCl_2$ (4) $CaSiO_2$

**Q.38** वह कौन सा जन्तु है जो छतरी के आकार का और मुक्त रूप से तैरने वाला होता है
(1) ऑरेलिया (2) जेली फिश
(3) हाइड्रा (4) 1 और 2 दोनों

**संघ-टीनोफोरा**

**Q.39** ''कोम्ब जैली या ''समुद्री–अखरोट निम्न में से कौनसे संघ के जन्तु होते हैं :–
(1) सिलेन्ट्रेटा (2) टीनोफोरा
(3) मोलस्का (4) इकाइनोडर्मेटा

**Q.40** निम्न में से कौनसा जन्तु एक टीनोफोरा है -
(1) समुद्री गाय (2) समुद्री कर्कटी
(3) प्लुरोब्रेकिया (4) समुद्री घोड़ा

**Q.41** टीनोफोरा में किसके द्वारा गमन होता हैं –
(1) पेरापोडिया
(2) सीटी
(3) पक्ष्माभीय कंगक पट्टिकाएं
(4) कशाभिका

**Q.42** टिनोफोरा में पाचन :
(1) बाह्य कोशिकीये
(2) अन्तराकोशिकीये
(3) दोनों बाह्य कोशिकीय तथा अन्तराकोशिकीये
(4) मृत्तोपजीवी

**Q.43** जैव संदीप्ति किसका लक्षण हैं :
(1) सीलेन्ट्रेटा (2) टीनोफोरा
(3) प्लेटीहेल्मनथीज (4) एस्केहेल्मन्थीज

**Q.44** टीनोप्लाना में जनन किसके द्वारा होता है
(1) मुकुलन (2) लैंगिक जनन
(3) द्वि विखंडन (4) बहुविखंडन

**Q.45** संघ–टीनोफोरा के पहचान की विशेषता है
(1) कॉम्प प्लेट्स की उपस्थिति और जेली जैसी उपस्थिति
(2) केवल कंघी प्लेटों की उपस्थिति
(3) केवल स्पर्शकों की उपस्थिति
(4) केवल पीढी एकांतरण

**Q.46** संघ–टीनोफोरा के साथ बंधुता प्रदर्शित करता है
(1) नाइडेरिया (2) एस्केहैल्मिन्थीज
(3) सेफेलोपोडा (4) टर्बिलेरिया

**Q.47** निम्न में से कौन नाइडेरिया नहीं है?
(1) हाइड्रा (2) समुद्री पिच्छ
(3) ऑरेलिया (4) बेरो

**Q.48** 8 रोमाभी कंगक प्लेटों द्वारा गमन होता है
(1) टीनोप्लाना (2) एस्केरिस
(3) साइकॉन (4) नेरिस

**Q.49** प्लुरोब्रेकिया को किस नाम से जाना जाता है
(1) बिल्ली की तैरने वाली आँख
(2) समुद्री गुजबेरी (3) रेतीय गुजबेरी
(4) कुत्ते की तैरने वाली आँख

## संघ-प्लैटीहैल्मिन्थीज

**Q.50** संघ–प्लैटीहैल्मिन्थीज के जन्तु होते हैं –
(1) द्विस्तरीय, अरीय सममित तथा गुहीय
(2) द्विस्तरीय, अरीय सममित तथा अगुहीय
(3) त्रिस्तरीय, द्विपार्श्व सममित तथा अगुहीय
(4) त्रिस्तरीय, द्विपार्श्व सममित तथा कुटगुहीय

**Q.51** स्वच्छ जल में पाये जाने वाले प्लैटीहेल्मिन्थीज जन्तुओं में प्रोटोनेफ्रिडीया या ज्वाला कोशिकाए सहायता करती है–
(1) उत्सर्जन तथा परासरण नियमन
(2) पोषण एवं उत्सर्जन
(3) जनन व श्वसन
(4) स्त्रावण व पोषण

**Q.52** निम्न में से किन जन्तुओं में मीसोडर्म पायी जाती है लेकिन प्रगुहा अनुपस्थित होती है :-
(1) चपटे –कृमियों में (2) केचुऐं में
(3) गोल कृमि में (4) हिरूडिनेरिया में

**Q.53** निम्न मे से कौनसा प्लैटीहेल्मिन्थीज नहीं है?
(1) फीताकृमि (2) पर्णकृमि
(3) प्लेनेरिया (4) अंकुशकृमि

**Q.54** सिनसाइल अधिचर्म किससे सम्बन्धित है :
(1) हाइड्रा (2) तारा मछली
(3) केंचुआ (4) ऐस्केरिस

**Q.55** ***टीनिया–सोलियम*** में पाया जाता है –
(1) मुख तथा गुदा दोनों
(2) केवल मुख उपस्थित गुदा अनुपस्थित
(3) केवल गुदा उपस्थित मुख अनुपस्थित
(4) पूर्णतया पाचन मार्ग अनुपस्थित

**Q.56** निम्न में से कौन प्रगुहीय जन्तु नहीं है
(1) *ओफीयूरा* (2) *बैलेनोग्लोसस*
(3) *टीनिया* (4) *सैकोग्लोसस*

**Q.57** ज्वाला कोशिकाओ के द्वारा परासरण नियमन के लिए किसका उपयोग किया जाता है
(1) *फेसिओला* (2) *नेरीस*
(3) *फेरेमिटा* (4) *हिरुडिनेरिया*

**Q.58** परजीवी जंतु सुविकसित होते हैं
(1) जनन तंत्र (2) पाचन तंत्र
(3) श्वसन तंत्र (4) उपरोक्त सभी

**Q.59** सीढ़ी जैसा तंत्रिका तंत्र पाया जाता है
(1) प्लैटीहेल्मिन्थीज (2) एस्केहेल्मिन्थीज
(3) पोरीफेरा (4) सिलेन्ट्रेटा

## संघ-एस्केहैल्मिन्थीज

**Q.60** निम्न में से कौनसा प्राणी अखण्डित होता है – :-
(1) केंचुआ (2) जोंक
(3) टीनिया (4) ऐस्केरिस

**Q.61** निम्न में से मनुष्य का कौनसा अन्तः परजीवी जरायुज है–
(1) एस्केरिस (2) वुचेरेरिया
(3) टीनिया (4) एनसाइलोस्टोमा

**Q.62** भारत में फाइलेरिया किसके द्वारा फैलता है
(1) एनाफिलीज (2) क्यूलेक्स
(3) मस्का (4) एडीज

**Q.63** सामान्यतः एस्केहैल्मिन्थीज होते हैं
(1) द्विलिंगी (2) उभयलिंगी
(3) मेटाजेनिक (4) प्रगुहीय

**Q.64** वुचेरेरिया ब्रेनकॉप्टाई का एक सामान्य फाइलेरिया कृमि है। यह संघ से संबंधित है
(1) प्लैटीहेल्मिन्थीज (2) एस्केहैल्मिन्थीज
(3) एनेलिडा (4) सिलेंटरेटा

**Q.65** एस्केरिस की विशेषता है
(1) वास्तविक प्रगुहा का अभाव, लेकिन विखंडन की उपस्थिति
(2) न तो वास्तविक प्रगुहा की उपस्थिति और न ही विखंडन की
(3) वास्तविक प्रगुहा की उपस्थिति, लेकिन विखंडन की अनुपस्थिति
(4) वास्तविक प्रगुहा और विखंडन की उपस्थिति

**Q.66** साइलोस्टोमा को किस नाम से जाना जाता है
(1) पिनकृमि (2) अंकुशकृमि
(3) चपटे कृमि (4) फाइलेरिया कृमि

**Q.67** फाइलेरिया किसके कारण होता है
(1) पिनकृमि (2) अंकुशकृमि
(3) चपटे कृमि (4) फाइलेरिया कृमि

**Q.68** गोलकृमि में कौन सा पाचक अंग पाचन नाल में अनुपस्थित होता है
(1) ग्रसनी (2) मुख
(3) आंत (4) क्रॉप

**Q.69** कंकाल, श्वसन और परिसंचरण तंत्र अनुपस्थित है
(1) एस्केहैल्मिन्थीज (2) आर्थोपोडा
(3) यूरोकॉर्डेटा (4) हेमीकॉर्डेटा

## संघ-एनेलिडा

**Q.70** निम्न में से कौनसा द्विलिंगी है :–
(1) *नेरीज* (2) *पेरीप्लेनेटा*
(3) *एस्केरिस* (4) *फेरेटिमा*

**Q.71** एनेलिडा में लार्वा का निर्माण सामान्यतया अनुपस्थित होता है, लेकिन जब लार्वा उपस्थित होता है, तो इसे कहा जाता है ?
(1) टेडपोल (2) प्लेनुला
(3) ट्रोकोफोर (4) एफाइरा

**Q.72** किसके रक्त प्लाज्मा में हीमोग्लोबिन घुला रहता है।
(1) मेंढ़क (2) खरगोश
(3) कॉकरोच (4) केंचुआ

**Q.73** निम्न में से कौनसे जन्तु के जीवन चक्र में लार्वा अवस्था नहीं पाई जाती है –
(1) *ऐस्कैरिस* (2) *मेंढ़क*
(3) *टीनिया* (4) *फेरिटिमा*

**Q.74** निम्नलिखित में से कौन सा एनेलिडा है?
(1) एस्केरिस (2) रेत कृमि
(3) समुद्री व्यंजन (4) समुद्री पिच्छ

**Q.75** ट्रोकोफोर लार्वा पाया जाता है
(1) नेरीस (2) फेरेटिमा
(3) जोंक (4) उपरोक्त सभी

**Q.76** स्थलीय ऐनेलिडा का उत्सर्जी उत्पाद है
(1) अमोनिया (2) यूरिया
(3) यूरिक अम्ल (4) अमीनो अम्ल

**Q.77** केंचुआ, नेरीस होते हैं
(1) द्विलिंगी, एकलिंगी
(2) द्विलिंगी, द्विलिंगी
(3) एकलिंगी, द्विलिंगी
(4) एकलिंगी, एकलिंगी

**Q.78** बंद परिसंचरण तंत्र सबसे पहले पाया गया था
(1) ऐनेलिडा (2) मोलस्का
(3) प्लैटीहेल्मिन्थीज (4) आर्थोपोडा

**Q.79** हिरुडिनेरिया को किस नाम से भी जाना जाता है
(1) जोंक (2) केंचुआ
(3) रेतकृमि (4) गोलकृमि

## संघ-आर्थोपोडा

**Q.80** अधिकांश वयस्क कीटों में छः टागें तथा –
(1) दो ऐन्टीनी एवं चार पंख पाये जाते है
(2) चार एन्टीनी एवं चार पंख पाये जाते है
(3) दो एन्टीनी एवं दो या चार पंख पाये जाते है
(4) चार पखं एवं चार आँखे पाई जाती है

**Q.81** निम्न में से कौनसा लक्षण सभी ओथ्रोपोड़ा के सदस्यों में पाया जाता हैं ?
(1) पूर्ण कायान्तरण (2) पंख
(3) संन्धीयुक्त उपांग (4) ट्रेकियल तंत्र

**Q.82** निम्न में से कौनसा लक्षण आर्थ्रोपोडा संघ के जन्तुओं में नहीं पाया जाता है –
(1) काइटिन का बना हुआ बाह्य कंकाल
(2) संयुक्त नेत्र
(3) मैल्पीघी नलिकाओं द्वारा उत्सर्जन
(4) बन्द प्रकार का रुधिर संवहन तन्त्र

**Q.83** कॉकरॉच, घरेलू मक्खी तथा मच्छर कीट वर्ग के जन्तु होते हैं क्योंकि इनमें पाया जाता है –
(1) काइटिन युक्त बाह्य कंकाल तथा सिर एवं सिफैलोथोरेक्स में बंटा शरीर
(2) छः टांगें, संयुक्त आँख तथा सिर, वक्ष और उदर में बंटा शरीर
(3) काइटिन युक्त बाह्य कंकाल तथा खण्डयुक्त शरीर युक्त संधित पैर
(4) तीन जोड़ी टांगें, एक जोड़ी श्रंगिकायें तथा ज्वाला कोशिकाय

**Q.84** निम्नलिखित में से कौनसा जन्तु **"जीवित जीवाश्म"** का उदाहरण है –
(1) *लिम्यूलस* (2) मकड़ी
(3) *यूपेगुरस* (4) बिच्छु

**Q.85** निम्न में कौनसा एक समूहचारी पीड़क (gregareous pest) हैं :-
(1) लोकस्टा (2) क्यूलेक्स
(3) ऐडीज (4) एपीज

**Q.86** निम्न में से कौनसा गुण प्रायः आर्थ्रोपोडा के जन्तुओं में नहीं पाया जाता है –
(1) हिमोग्लोबिन उपस्थित
(2) गतिमान जबड़े
(3) खंडित शरीर
(4) सन्धि युक्त टांगें

**Q.87** आर्थ्रोपोड़ा के जन्तुओं में उत्सर्जन होता है :-
(1) मैल्पीघी नलिकाओं द्वारा
(2) ग्रीन ग्रन्थियों से
(3) कॉक्सल ग्रन्थियों द्वारा
(4) उपरोक्त सभी

**Q.88** निम्न में से कीट वर्ग का प्रमुख लक्षण होता है :-
(1) संयुक्त नेत्र (2) लम्बा उदर
(3) तीन जोड़ी टांगे (4) दो जोड़ी पंख

**Q.89** मकड़ी में टांगों की संख्या होती है :-

(1) तीन जोड़ी (2) चार जोड़ी
(3) छः जोड़ी (4) दो जोड़ी

**Q.90** झींगा में वर्णक होता हैं ?
(1) हिमोग्लोबिन (2) हिमोसायनिन
(3) इरीथ्रोक्रुओरिन (4) (1) और (2) दोनों

**Q.91** श्वसन के लिए बुक क्लोम (Book gills) पाये जाते हैं?
(1) घरेलू मक्खी में (2) दीमक में
(3) झींगा में (4) किंग – क्रेब में

**Q.92** श्वसन के लिये सत्य का चयन कीजिए :
(1) झींगा – फेफड़े
(2) किंग क्रेब – त्वचा
(3) कॉकरोच – बुक गील्स
(4) बिच्छु – बुक लग्ंस

**Q.93** निम्न में से कौनसा जन्तु कीट नहीं है :-
(1) बिच्छु (2) मधुमक्खी
(3) कॉकरोच (4) रेशम कीट

## संघ-मोलस्का

**Q.94** मसी (स्याही) ग्रंथियां पाई जाती है :
(1) स्पंज (2) तारा मीन में
(3) सिपिया में (4) जेली मीन में

**Q.95** किस मोलस्का को ''हाथी दांत कवच'' कहते हैं –
(1) *नियोपिलाइना* (2) *पाइला*
(3) *डेन्टेलियम* (4) *डोरिस*

**Q.96** मोलस्क में कवच का स्त्रावण होता है :-
(1) पाद द्वारा (2) स्याही ग्रन्थि द्वारा
(3) रेडूला द्वारा (4) प्रावार द्वारा

**Q.97** निम्न में से कौनसा गुण संघ-मोलस्का का नहीं है :-
(1) कवच द्वारा ढका हुआ कोमल शरीर
(2) खण्डयुक्त शरीर
(3) त्रिस्तरीय
(4) प्रगुहा की उपस्थिति

**Q.98** हीमोसायनिन श्वसन वर्णक युक्त खुले प्रकार का परिसंचरण तन्त्रा किस समूह का लक्षण है –
(1) मोलस्का का (2) ऐनेलिडा का
(3) इकाइनोडर्मेटा का (4) हेमीकोंडेटा का

**Q.99** शरीर के खण्डीभवन का प्रतिनिधित्व नही किया जाता है
(1) क्रे मछली (2) सीपिया
(3) टिड्डी (4) सिल्वर फिष

**Q.100** ऐनिलिडा तथा मोलस्का के मध्य की योजक कड़ी होता है:-
(1) पेरीपेटस (2) हीरूडिनेरिया
(3) नियोपाइलिना (4) बोनेलिया

**Q.101** बोजेनस के अंग पाये जाते हैं :-
(1) कार्डेटा में (2) इकाइनोडर्मेटा में
(3) ऐनेलिडा में (4) मोलस्का में

**Q.102** निम्न में से कौनसा एक मोलस्का हैं ?
(1) समुन्द्री घोड़ा (2) समुन्द्री चूहा
(3) समुन्द्री खरगोश (4) समुन्द्री गाय

**Q.103** पाइला है
(1) सेब घोंघा (2) किटोन
(3) समुद्री खरगोश (4) शैतान मछली

**Q.104** पिंकटाडा किसका सदस्य है
(1) संघ–मोलस्का
(2) संघ–हेमीकॉर्डेटा
(3) संघ–आर्थोपोडा
(4) संघ–कॉर्डेटा

## संघ–इकाइनोडर्मेटा

**Q.105** निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म शरीर की विशेषता और इसे धारण करने वाले जन्तु का सही मिलान है?
(1) नाल तंत्र – हाइड्रा
(2) मेटाजेनेसिस – ओबेलिया
(3) पृष्ठीय तंत्रिका रज्जु–फेरेटिमा
(4) पेशीय ग्रसनी – टीनिया

**Q.106** इकाइनोडर्मेटा के सदस्य में एक विशिष्ट तंत्र होता है, जो अन्य संघ में नहीं पाया जाता है, यह है:
(1) नाल तंत्र
(2) जल संवहनी तंत्र
(3) श्वसन तंत्र
(4) संयुक्त उपांग

**Q.107** "अरस्तु की लालटेन" किस जन्तु में पाई जाती है –
(1) समुद्री आर्चिन में (2) सीपिया में
(3) स्टार फिश में (4) समुद्री कर्कटी में

**Q.108** निम्न में से कौन इकाइनोडर्मेटा के लिये **सही नहीं** है ?
(1) मेड्रीपोराइट (2) पेरापोडिया
(3) समुद्री आवास (4) ऑटोटोमी

**Q.109** अधिकांश इकाइनोडर्मेटा जन्तुओं के प्रचलन के अंग होते हैं –
(1) नाल – पाद (2) शूक
(3) पार्श्व–पाद (4) कूटपाद

**Q.110** किस संघ में उत्सर्जी अंग अनुपस्थित होते हैं तथा जिनमें पुनरूदभवन की अपार क्षमता पायी जाती है तथा पूर्णतया समुद्री होते है :–
(1) मोलस्का (2) आर्थ्रोपोडा
(3) इकाइनोडर्मेटा (4) ऐनिलिडा

**Q.111** विषम उदाहरण ज्ञात कीजिए।

(1) समुद्री व्यंजन (2) समुद्री लिली
(3) समुद्री अर्चिन (4) समुद्री कुकुम्बर

**Q.112** निम्न में से कौनसा लक्षण ईकाइनोडर्मेटा में पाया जाता है:-
(1) चिकनी त्वचा तथा अरीय सममिति
(2) कंटिका युक्त त्वचा तथा अरीय सममिति
(3) कन्टिकीय त्वचा तथा द्विपार्श्व सममिति
(4) चिकनी त्वचा तथा द्विपार्श्व सममिति

**Q.113** एंटेडॉन को किस नाम से जाना जाता है
(1) भंगुर तारा (2) तारा मछली
(3) समुद्री अर्चिन (4) समुद्री लिली

**Q.114** एकाइनोडर्म्स का मुख पाया जाता है
(1) अधर भाग में
(2) पृष्ठीय भाग में
(3) अधर या पृष्ठीय हो सकता है
(4) मुख अनुपस्थित होता है

## संघ-हैमीकॉर्डेटा

**Q.115** स्टोमोकॉर्ड (बक्कल डाइवर्टी कुलम) पाई जाती है :-
(1) एम्फीऑक्सस में (2) हर्डमानिया में
(3) बैलेनोग्लोसस में (4) एस्टेरियास में

**Q.116** बैलेनोग्लोसस के उतसर्जन अंग है :-
(1) प्रोटोनेफ्रिडया (2) सुप्रान्यूरल ग्रन्थि
(3) सोलेनोसाइट्स (4) प्रोबोसिस ग्रन्थि

**Q.117** हेमीकोर्डेटा में श्वसन किसके द्वारा होता है
(1) शरीर की सतह (2) फेफड़े
(3) त्वचा (4) क्लोम

**Q.118** नॉन–कॉर्डेटा और कॉर्डेटा के बीच की योजक कड़ी है
(1) इकाइनोडर्मेटा (2) हेमीकॉर्डेटा
(3) यूरोकोरडेटा (4) सैफेलोकॉर्डेटा

**Q.119** हेमीकॉर्डेटा के सदस्य हैं
(1) विशेष रूप से समुद्री और कृमि की तरह
(2) विशेष रूप से स्वच्छ जल और कृमि जैसा
(3) विशेष रूप से समुद्री और चपटे कृमि
(4) विशेष रूप से स्वच्छ जलीय लेकिन कृमि जैसा नहीं

**Q.120** बेलेनोग्लॉसस में श्वसन वर्णक होता है
(1) हीमोसायनिन (2) हीमोग्लोबिन
(3) क्लोरोक्रूओरिन (4) इनमें से कोई नहीं

**Q.121** हेमीकोर्डेटा में निषेचन और परिवर्धन है
(1) आंतरिक, प्रत्यक्ष (2) बाह्य, प्रत्यक्ष
(3) आंतरिक, अप्रत्यक्ष (4) बाह्य, अप्रत्यक्ष

**Q.122** बेलेनोग्लॉसस को किस नाम से जाना जाता है
(1) जीभकृमि (2) अंकुशकृमि
(3) केंचुआ (4) पिनकृमि

**Q.123** हेमीकोर्डेट्स के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है
(1) पृष्ठीय हृदय में बंद परिसंचरण होता है
(2) पृष्ठीय हृदय में खुला परिसंचरण होता है
(3) अधर हृदय में बंद परिसंचरण होता है
(4) अधर हृदय में खुला परिसंचरण होता है।

## कॉर्डेटा

**Q.124** निम्नलिखित में से किस जन्तु में पश्च गुदा पूंछ पाई जाती है :
(1) केंचुआ (2) निम्न अकशेरूकी
(3) बिच्छू (4) सर्प

**Q.125** निम्न में से किसमें भ्रूणीय अवस्था में पृष्ठरज्जु पायी जाती है :-
(1) सभी कॉर्डेट में (3) कशेरूकी में
(2) कुछ कार्डेट में (4) नॉन कॉर्डेट में

**Q.126** कौनसा सबसे छोटा वर्गिकी समूह है, जिसमें क्रेनियम, कशेरूक दण्ड, अधरीय हृदय, फुफ्फुसीय श्वसन तथा दो जोड़ी टांगे होती है ?
(1) कॉर्डेटा (2) नेथोस्टोमेटा
(3) वर्टीब्रेटा (4) टेट्रापोडा

**Q.127** कॉर्डेटस में किसकी उपस्थिति इनका अभिलाक्षणिक गुण है
(1) अधर तन्त्रिका रज्जु
(2) जल संवहनी तन्त्र
(3) काइटिन का बाह्य कंकाल
(4) लचीली, ठोस शलाका (पृष्ठरज्जु)

**Q.128** कशेरूकियों में पृष्ठरज्जु :–
(1) जीवन भर बनी रहती है
(2) आंशिक रूप से कशेरूक दण्ड में परिवर्तित हो जाती है
(3) पूर्ण रूप से कशेरूक दण्ड में परिवर्तित हो जाती है
(4) आशिंक या पूर्ण रूप से कशेरूक दण्ड में परिवर्तित हो जाती है

**Q.129** निम्नलिखित में कौनसा एक विभेदात्मक लक्षण सभी कशेरूकियों का है।
(1) उपास्थिल या अस्थिल अन्तःकंकाल पाया जाता है
(2) शरीर पर बालों का आवरण पाया जाता है
(3) स्तन ग्रन्थियां विकसित होती है
(4) खुले प्रकार का परिसंचरण तन्त्र होता है

**Q.130** निम्न में से कौनसा एक कॉर्डेट तो है लेकिन कशेरूकी नहीं है :-
(1) स्कोलियोडोन (2) हैग मछली
(3) एम्फीऑक्सस (4) तारा मछली

**Q.131** कॉर्डेट्स, नॉन कॉर्डेटस से इस बात में भिन्न है कि इनमें:-

(1) मस्तिष्क होता है
(2) पृष्ठ नलिकाकार तंत्रिका रज्जु होती है
(3) अधर तंत्रिका रज्जु होती है
(4) पृष्ठ तंत्रिका रज्जु होती है

**Q.132** निम्न में से कौनसा समूह **एनएम्निओट्स** है :
(1) कोन्ड्रिक्थिज, ओस्टिक्थिज, एम्फिबिया
(2) रेप्टिलिया, एवीज, एम्फिबिया
(3) एम्फिबिया, एवीज, मेमल्स
(4) रेप्टिलिया, मेमल्स, एवीज

**Q.133** निम्न में से कौनसा लक्षण सभी कॉर्डेट में नहीं पाया जाता–
(1) डायाफ्राम (2) प्रगुहा
(3) ग्रसनीय क्लोम दरारे (4) पृष्ठ तंत्रिका रज्जुक

**Q.134** किसमें पृष्ठरज्जु केवल पूंछ में पायी जाती है :–
(1) सभी कॉर्डेटा में (2) हेमीकॉर्डेटा में
(3) यूरोकॉर्डेटा में (4) सिफैलोकॉर्डेटा में

**Q.135** **पेट्रोमाइजोन** में कौनसा लार्वा पाया जाता है ?
(1) ऐमोसीट (2) बाइपिन्नेरिया
(3) टेडपोल (4) टोरनेरिया

**Q.136** गोल तथा चूषक सदृश्य मुख पाया जाता है :-
(1) लेबियो में (2) पेट्रोमाइजोन में
(3) स्कोलिओडोन में (4) उपरोक्त सभी

## वर्ग-कांड्रीक्थीज और ओस्टिक्थीज

**Q.137** समुद्री घोड़ा होता है , एक –
(1) एम्फीबिया (2) मछली
(3) स्तनी (4) सरीसर्प

**Q.138** वर्ग कांड्रीक्थीज के प्राणियों के लिए असंगत कथन कौनसा है?
(1) प्लेकॉइड शल्कों की उपस्थिति
(2) वायुकोष की अनुपस्थिति
(3) उपास्थिल अन्तः कंकाल की उपस्थिति
(4) पृष्ठ रज्जु केवल लार्वा अवस्था में चिरस्थाई होती है, फिर उसके बाद अदृश्य हो जाती है।

**Q.139** निम्न स्तंभों का मिलान कीजिए :-

| | स्तंभ I | | स्तंभ II |
|---|---|---|---|
| A. | विद्युत अंग का पाया जाना | 1. | ट्राइगोन |
| B. | इस वर्ग के प्राणी असमतापी होते है। | 2. | साइक्लोस्टोमेटा |
| C. | जहरीले डंक का पाया जाना | 3. | टारपीडों |
| D. | जनन के लिए अलवणीय जल में प्रवास | 4. | कांड्रीक्थीज |
| | | 5. | हैग फिश |
| | | 6. | एक्सोसिटस |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 6 | 1 | 3 | 2 |
| (2) | 1 | 4 | 6 | 5 |
| (3) | 3 | 4 | 1 | 5 |
| (4) | 3 | 4 | 6 | 2 |

**Q.140** निम्न में से कौन वास्तविक मछली है ?
(1) क्रे मछली (2) जैली मछली
(3) रजत मछली (4) केट मछली

**Q.141** निम्न में से कौनसे मछलियों के **संतुलन अंग** है :–
(1) ऐम्फुला ऑफ लौरेन्जिनी
(2) स्टेटोसिस्ट
(3) वायु कोष
(4) आन्तरिक कर्ण

**Q.142** निम्न में से कौनसी मछली जीवित जीवाश्म होती है–
(1) *काइमीरा* (2) *लेटिमेरिया*
(3) *प्रिस्टीस* (4) *हारपोडोन*

**Q.143** वायु कोष (Air bladder) पाया जाता है :-
(1) कुत्ता मछली में (2) उड़न मछली में
(3) हैग मछली में (4) विद्युत मछली में

**Q.144** ''एम्फुला ऑफ लॉरेन्जीनी पाया जाता है :-
(1) स्कोलिओडोन में (2) लेबियो में
(3) रेट्स में (4) हिप्पोकेम्पस में

**Q.145** निम्न में से किस मछली को उपास्थिल तथा अस्थिल मछलियों के बीच की योजक कड़ी माना जाता है :–
(1) काइमेरा (2) राइनियोडोन
(3) लेटिमेरिया (4) व्हैल

**Q.146** निम्न में से कौनसी मछलियां जरायुज होती है :-
(1) फुफ्फुस मछलियां (2) मेंढ़क
(3) शार्क मछलियां (4) अस्थिल मछलियां

**Q.147** निम्न में से कौनसी मछली पानी में उर्ध्व स्थिति में तैरती है :-
(1) स्कोलिओडोन (2) हिप्पोकेम्पस
(3) एक्सोसीटस (4) सिन्नेंथस

**Q.148** फुफ्फुसीय मछलियां निम्न में से किसके लक्षण दर्शाती है–
(1) सरीसर्प तथा पक्षी
(2) सरीसर्प तथा स्तनधारी
(3) पक्षी तथा स्तनधारी
(4) मछली तथा उभयचर

## वर्ग-एम्फीबिया (उभयचर)

**Q.149** पूंछयुक्त उभयचर है :
(1) इक्थियोफिस (2) मेंढक

(3) सैलामैण्डर (4) टोड

**Q.150** उभयचर में वृक्क होते हैं :-
(1) प्रोनेफ्रिक वृक्क (2) मीसोनेफ्रिक रज्जु
(3) आर्कीनेफ्रिक (4) मेटानेफ्रिक

**Q.151** अंधे तथा बहरे कृमि है –
(1) उभयचर (2) स्तनधारी
(3) सरीसर्प (4) मछलियां

**Q.152** मेंढक के टेडपोल में गिलों (क्लोमों) के पाए जाने से संकेत मिलता है कि :-
(1) मछलियाँ मेंढक – सदृश पूर्वजों से विकसित हुई।
(2) मेंढकों में भविष्य में गिल हुआ करेंगे।
(3) मेंढक गिल –युक्त पूर्वजों से विकसित हुए हैं।
(4) अतीत में मछलियाँ जलस्थलचरी हुआ करती थी।

**Q.153** निम्न में से किस उभयचर जन्तु में डर्मल शल्क पाये जाते है :-
(1) बूफो (2) इक्थियोफिश
(3) मेंढ़क (4) सैलामेंडर

**Q.154** निम्न में से कौनसा वृक्ष मेंढक है ?
(1) ऐलाइट्स (2) नेक्टरस
(3) हाइला (4) राना

**Q.155** एम्फीबिया में होता है :-
(1) अपूर्ण दोहरा रूधिर परिसंचरण
(2) पूर्ण दोहरा रूधिर परिसंचरण
(3) खुला रूधिर परिसंचरण
(4) एकल परिसंचरण

**Q.156** निम्न में से उभयचर जन्तुओं का लक्षण है :-
(1) केवल जलीय आवास में पाये जाते है।
(2) इनकी करोटि मोनोकॉन्डाइलर होती है।
(3) इनकी त्वचा शल्क रहित, चिकनी, नम तथा ग्रंन्थिल होती है।
(4) अंगुलियों के सिरों पर नखर पाये जाते है।

**Q.157** मेंढक में श्वसन किसके द्वारा होता है :
(1) फेफड़े
(2) त्वचा
(3) मुख ग्रसनीय गुहा
(4) उपरोक्त सभी

**Q.158** निम्नलिखित में से किसका हृदय तीन कक्षीय होता है :
(1) ओफीयूरा (2) बुफो
(3) ट्राइगॉन (4) टॉरपीडो

## वर्ग-रेप्टीलिया (सरीसृप)

**Q.159** सरीसृपों में सबसे अधिक उपयुक्त अनुकूलन है।
(1) फुफ्फुस (2) शल्क
(3) चिकनी त्वचा (4) पंचागुलिक पाद

**Q.160** शुष्क, ग्रन्थि विहीन तथा एपिडर्मल शल्को या प्रशल्को युक्त त्वचा किसका लक्षण हैं :
(1) मछलियो का (2) सरीसृप का
(3) उभयचर का (4) पक्षियों का

**Q.161** निम्न में से अण्डयुज जन्तु है–
(1) *स्कोलिओडॉन* (2) वाइपर
(3) स्कोरपियोन (4) कोबरा

**Q.162** संसार में पायी जाने वाली केवल एक विषैली छिपकली है:-
(1) हिलोडर्मा (2) ऑफियोसॉरस
(3) फ्रिनोसोमा (4) हेमीडेक्टाइल्स

**Q.163** निम्न में से कौनसा सर्प विषहीन होता है :-
(1) कोबरा (2) पाइथन
(3) वाइपर (4) क्रेत

**Q.164** निम्न में से कौनसा जोड़ा रेप्टीलिया वर्ग के प्राणियों के लिए असंगत है :-
(1) नियत तापमान तथा बाह्य निषेचन
(2) लिंगों का पृथक्करण व कायान्तरण का अभाव
(3) 12 जोडी क्रेनियल तंत्रिकाएं तथा त्वचा खुरदरी
(4) करोटि मोनोकॉन्डाइलिक तथा त्वचा शल्क युक्त

**Q.165** उड़ने वाली छिपकली है :-
(1) कैमेलिओन (2) ड्रैको
(3) एक्सोसीटस (4) वारानस

**Q.166** किसमें अण्डे चर्मील कवच से आवरित होते है :-
(1) पक्षी (2) उभयचर
(3) सर्प (4) प्रोटोथीरिया

**Q.167** ग्लास–सर्प (glass snake) है, एक :-
(1) पादविहिन एम्फीबियन (2) पादविहिन छिपकली
(3) सफेद सर्प (4) पादरहित मछली

## वर्ग-एवीज (पक्षी)

**Q.168** पक्षियों में क्या नहीं होता –
(1) पेक्टोरल अस्थि (2) श्रोणी अस्थि
(3) पश्च पाद (4) अग्र पाद

**Q.169** कौनसा पक्षियों का वायवीय अनुकुलन नहीं है :-
(1) एकल अण्डाशय (2) वातीय अस्थियां
(3) गिजार्ड (4) नोतलयुक्त स्टर्नम

**Q.170** पक्षियों के फर किसका रूपान्तरण है -
(1) अधिचर्म शल्क (2) अस्थिल शल्क

(3) प्लेटों (4) स्क्यूट्स

**Q.171** निम्न में से कौनसा गुण पक्षियों का नहीं है –
(1) समतापी तथा त्वचा में तैल ग्रन्थियां होना
(2) मादा जननाग दोनो तरफ के कार्यशील होना
(3) मादा जननांग केवल एक ही तरफ के कार्यशील होना
(4) पंखों का बाह्य कंकाल होना

**Q.172** हवा से भारी खोखली अस्थियाँ (वायवीय अस्थियाँ) होती है
(1) स्तनधारी (2) सरीसृप
(3) आस्थिल मछलिया (4) पक्षी

**Q.173** किस पक्षी की चोंच में दांत उपस्थित थे –
(1) किवी (2) ऑस्ट्रिच
(3) *डोडो* (4) *आर्किओप्टेरिक्स*

**Q.174** अधिकांश पक्षी होते है–
(1) यूरिकोटेलिक तथा अण्डयुज
(2) यूरिकोटेलिक तथा जरायुज
(3) अमोनोटेलिक तथा अण्डयुज
(4) यूरिकोटेलिक तथा ओवो विविपेरस

**Q.175** पक्षियों का गुण है :–
(1) एकलिंगी तथा लैगिक द्विरूपता अनुपस्थित
(2) द्विलिंगी तथा लैंगिक द्विरूपता अनुपस्थित
(3) एकलिंगी तथा लैगिक द्विरूपता उपस्थित
(4) द्विलिंगी तथा लैगिक द्विरूपता उपस्थित

**Q.176** निम्न में से "छिपकली पक्षी" है –
(1) *आर्कियोप्टेरिक्स* (2) *स्ट्रौथियो*
(3) *एप्टीनोडाइटीज* (4) *हमिंग पक्षी*

**Q.177** निम्न में से कौनसा लक्षण "एवीज में नहीं पाया जाता है–
(1) पूँछ पर उपस्थित प्रीन ग्रन्थियाँ
(2) क्रॉप तथा एक पेषणी (गिजार्ड)
(3) अस्थियों में वायु गुहिकाएं
(4) चोंच के अन्दर दंत

**Q.178** पक्षी सरीसृपों से भिन्न होते हैं जिनमें निम्नलिखित में से एक गुण होता है :
(1) त्वचा में शल्क होते हैं
(2) ये अंडे देते हैं
(3) कशेरुकी होते हैं
(4) शरीर के तापमान का नियमन होता ळे

## वर्ग-मैमेलिया (स्तनधारी)

**Q.179** मानव भ्रुण की प्रारंभिक अवस्था स्पष्ट रूप से है:
(1) क्लोम (2) गिल स्लिट्स
(3) बाह्य कर्ण (पिन्ना) (4) आँखों की भौहें

**Q.180** व्हेल के समान एक ही टैक्सोनॉमिक वर्ग में शामिल हैं?
(1) शार्क (2) मगरमच्छ
(3) समुद्री घोड़ा (4) गोरिल्ला

**Q.181** वयस्क व्हेल में रोम नहीं पाए जाते हैं, इसके शरीर का तापमान किसके द्वारा नियंत्रित किया जाता है:
(1) पसीने की ग्रंथियां (2) ब्लबर
(3) रक्त परिसंचरण (4) जल

**Q.182** निम्नलिखित में से किस समूह में एंडोथर्मिक जन्तु (समतापी) शामिल हैं?
(1) मगरमच्छ, ऐलीगेटर , कछुआ
(2) व्हेल, कबूतर, चमगादड़
(3) समुद्री घोड़ा, कुत्ता मछली, बिल्ली मछली
(4) टोड, मेंढक, सैलामेण्डर

**Q.183** डक बिल्ड प्लैटिपस के आदिम लक्षण सुझाव देते हैं कि यह है:
(1) यह पतित स्तनधारियें है
(2) पक्षी और स्तनधारियों के बीच की अवस्था को दर्शाता है
(3) सरीसृप और पक्षियों के बीच की अवस्था को दर्शाता है
(4) सरीसृप और स्तनधारियों के बीच की अवस्था को दर्शाता है

**Q.184** निम्न में से सत्य कथन है–
(1) सभी पक्षी उड़ने वाले होते है
(2) सभी सर्प जहरीले होते है
(3) सभी उभयचर असमपाती होते हैं
(4) सभी स्तनी जरायुज होते है।

**Q.185** मुख्यतयाः फुफ्फुसीय श्वसन पाया जाता है : –
(1) उभयचर तथा स्तनधारी
(2) उभयचर तथा सरीसृप
(3) स्तनधारी तथा सरीसृप
(4) सरीसृप, पक्षी तथा स्तनधारी

**Q.186** निम्न में से किस जन्तु में विष ग्रन्थीयां पायी जाती हैं ?

(1) नर प्लैटीपस (2) मादा छिपकली
(3) नर खरगोश (4) नर चूहा

**Q.187** बाह्य कर्ण पल्लव किसमें उपस्थित होता है :-
(1) सरीसृप (2) स्तनधारी
(3) उभयचर (4) मछली

**Q.188** व्हैल के श्वसन अंग होते है :-
(1) पुस्तक– फुफ्फुस (2) फेफड़े
(3) क्लोम (4) त्वचा

**Q.189** कॉर्पस कैलोसम पाया जाता हैं :
(1) सरीसृप (2) पक्षी
(3) उभयचर (4) स्तनधारी

**Q.190** निम्नलिखित में से कौनसा स्तनीय शरीर का एक बहुत ही पृथक लक्षण है, जो अन्य में नहीं पाया जाता -
(1) डायाफ्राम तथा बालो कि उपस्थिति
(2) चार कक्षीय हृदय
(3) पसली पिंजरा
(4) समतापता

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

# ANSWER KEY

## PRACTICE SECTION-01

| **Que.** | **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Ans: | 2 | 4 | 4 | 4 | 4 | 3 | 1 | 1 |

## TOPIC WISE QUESTIONS

| **Que.** | **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** | **9** | **10** | **11** | **12** | **13** | **14** | **15** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Ans. | 4 | 4 | 2 | 2 | 2 | 1 | 2 | 4 | 2 | 4 | 1 | 3 | 2 | 2 | 1 |
| **Que.** | **16** | **17** | **18** | **19** | **20** | **21** | **22** | **23** | **24** | **25** | **26** | **27** | **28** | **29** | **30** |
| Ans. | 1 | 4 | 2 | 1 | 2 | 4 | 2 | 1 | 3 | 2 | 3 | 3 | 3 | 2 | 3 |
| **Que.** | **31** | **32** | **33** | **34** | **35** | **36** | **37** | **38** | **39** | **40** | **41** | **42** | **43** | **44** | **45** |
| Ans. | 1 | 2 | 2 | 4 | 2 | 2 | 1 | 4 | 2 | 3 | 3 | 3 | 2 | 2 | 1 |
| **Que.** | **46** | **47** | **48** | **49** | **50** | **51** | **52** | **53** | **54** | **55** | **56** | **57** | **58** | **59** | **60** |
| Ans. | 1 | 4 | 1 | 2 | 3 | 1 | 1 | 4 | 4 | 4 | 3 | 1 | 1 | 1 | 4 |
| **Que.** | **61** | **62** | **63** | **64** | **65** | **66** | **67** | **68** | **69** | **70** | **71** | **72** | **73** | **74** | **75** |
| Ans. | 2 | 2 | 1 | 2 | 2 | 2 | 4 | 4 | 1 | 4 | 3 | 4 | 4 | 2 | 1 |
| **Que.** | **76** | **77** | **78** | **79** | **80** | **81** | **82** | **83** | **84** | **85** | **86** | **87** | **88** | **89** | **90** |
| Ans. | 2 | 3 | 1 | 1 | 3 | 3 | 4 | 2 | 1 | 1 | 1 | 4 | 3 | 2 | 2 |
| **Que.** | **91** | **92** | **93** | **94** | **95** | **96** | **97** | **98** | **99** | **100** | **101** | **102** | **103** | **104** | **105** |
| Ans. | 4 | 4 | 1 | 3 | 3 | 4 | 2 | 1 | 2 | 3 | 4 | 3 | 1 | 1 | 2 |
| **Que.** | **106** | **107** | **108** | **109** | **110** | **111** | **112** | **113** | **114** | **115** | **116** | **117** | **118** | **119** | **120** |
| Ans. | 2 | 1 | 2 | 1 | 3 | 1 | 2 | 4 | 3 | 3 | 4 | 4 | 2 | 1 | 4 |
| **Que.** | **121** | **122** | **123** | **124** | **125** | **126** | **127** | **128** | **129** | **130** | **131** | **132** | **133** | **134** | **135** |
| Ans. | 4 | 1 | 2 | 4 | 1 | 4 | 4 | 4 | 1 | 3 | 2 | 1 | 1 | 3 | 1 |
| **Que.** | **136** | **137** | **138** | **139** | **140** | **141** | **142** | **143** | **144** | **145** | **146** | **147** | **148** | **149** | **150** |
| Ans. | 2 | 2 | 4 | 3 | 4 | 4 | 2 | 2 | 1 | 1 | 3 | 2 | 4 | 3 | 2 |
| **Que.** | **151** | **152** | **153** | **154** | **155** | **156** | **157** | **158** | **159** | **160** | **161** | **162** | **163** | **164** | **165** |
| Ans. | 1 | 3 | 2 | 3 | 1 | 3 | 4 | 2 | 1 | 2 | 4 | 1 | 2 | 1 | 2 |
| **Que.** | **166** | **167** | **168** | **169** | **170** | **171** | **172** | **173** | **174** | **175** | **176** | **177** | **178** | **179** | **180** |
| Ans. | 2 | 2 | 4 | 3 | 1 | 2 | 4 | 4 | 1 | 3 | 1 | 4 | 4 | 2 | 4 |
| **Que.** | **181** | **182** | **183** | **184** | **185** | **186** | **187** | **188** | **189** | **190** | | | | | |
| Ans. | 2 | 2 | 4 | 3 | 4 | 1 | 2 | 2 | 4 | 1 | | | | | |

Trusted Learning
KHAN SIR